भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
पशुपालन और डेयरी विभाग
लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 1204
दिनांक 30 जुलाई, 2024 के लिए प्रश्न

राष्ट्रीय कामधेनु आयोग (आरकेए)

1204. श्री बिद्युत बरन महतो:
श्री लुम्बा रामः

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय कामधेनु आयोग (आरकेए) द्वारा शुरू की गई योजनाओं और युवाओं में गौ-पालन उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए दी जा रही कर रियायत का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार द्वारा गोबर और गोमूत्र व्यवसाय के लिए बनाए गए स्टार्टअप्स को प्रारंभिक निधि का 60 प्रतिशत प्रदान किया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार विश्वविद्यालयों और राज्य संगठनों की सहायता से सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड में गौशालाओं में फिनाइल कीटनाशकों का निर्माण करने पर विचार कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री
(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) राष्ट्रीय कामधेनु आयोग द्वारा वर्ष 2019 से कोई योजना क्रियान्वित नहीं की गई।

(ख) ऐसा कोई कार्यक्रम कार्यान्वयन के अधीन नहीं है।

(ग) जी नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

****